पूछताछ-सह-शिकायत निवारण केंद्र शुरू, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

बिहार बोर्ड में शुरू हुई सिंगल विंडो प्रणाली

- शिक्षा मंत्री ने ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल भी किया लांच

संवाददाता, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बुधवार को 'सिंगल विंडो प्रणाली' की शुरुआत कर दी. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बुधवार को समिति के मुख्य भवन और बुद्ध मार्ग स्थित अकादमिक भवन में पूछताछ-सह-शिकायत निवारण केंद्र का उद्घाटन किया. इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने ऑनलाइन शिकायत निवारण पोर्टल भी लांच किया. अब छात्र और अभिभावक अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे व उसकी स्थिति को ट्रैक भी कर पायेंगे. शिकायतों के समाधान के बाद संबंधित आवेदक को एसएमएस और पोर्टल के माध्यम से सूचना उपलब्ध करायी जायेगी.

सिंगल विंडो प्रणाली को लॉन्च करते शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी.

बार-बार नहीं लगाना पड़ेगा कार्यालयों का चक्कर : शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग में जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही विद्यार्थियों और आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया गया था. बिहार बोर्ड द्वारा शुरू की गयी यह नयी व्यवस्था विद्यार्थियों, अभिभावकों, शैक्षणिक संस्थानों और आमजनों को बड़ी राहत देगी तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगी. उन्होंने कहा कि 'सिंगल विंडो प्रणाली' शिक्षा प्रशासन को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इससे विभिन्न सेवाओं और प्रक्रियाओं में तेजी आयेगी तथा लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे.

दोनों केंद्रों में पांच-पांच काउंटर बनाये गये हैं : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि दोनों केंद्रों में पांच-पांच काउंटर बनाये गये हैं. इनमें मैट्रिक, इंटर, एसटीइटी, डीएलएड, छात्रवृत्ति, संबद्धता, विभिन्न परीक्षाओं व अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई और पंजीकरण किया जायेगा. प्रत्येक शिकायत को एक यूनिक रेफरेंस नंबर दिया जायेगा. संबंधित शाखा या अधिकारी को शिकायत ऑनलाइन भेजी जायेगी और आवेदक पोर्टल के माध्यम से उसकी स्थिति देख सकेंगे.

नयी व्यवस्था के तहत शिकायतों का त्वरित समाधान : आनंद किशोर ने कहा कि यह सेवा मुख्य भवन एवं एकेडमिक भवन दोनों में पूछताछ-सह-शिकायत निवारण केंद्र की स्थापना की गयी है. नयी व्यवस्था के तहत शिकायतों का त्वरित समाधान, ऑनलाइन मॉनिटरिंग, पारदर्शी प्रक्रिया और एक ही स्थान पर सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इससे परीक्षा और प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आयेगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी. पांचों काउंटर से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अंदर निवारण कर लिया जायेगा.

प्रत्येक पूछताछ-सह-शिकायत निवारण केंद्र पर पांच काउंटर

- **काउंटर नंबर 1:** मैट्रिक परीक्षा व कंपार्टमेंटल परीक्षाओं से संबंधित सभी मामले
- **काउंटर नंबर 2:** उच्च माध्यमिक परीक्षा से संबंधित मामले . इंटर वार्षिक व कंपार्टमेंटल परीक्षाओं से संबंधित मामले व रजिस्ट्रेशन
- **काउंटर नंबर 3:** विविध परीक्षाओं से संबंधित मामले समिति द्वारा विविध परीक्षाओं के अंतर्गत विभिन्न . जैसे एसटीइटी, डीएलएड, आइटीआइ भाषा, सक्षमता, सिमुलतला
- **काउंटर नंबर 4:** शैक्षणिक (विद्यालय/ प्लस 2 विद्यालय/ डीएलएड संबद्धता व छात्रवृति) से संबंधित मामले . समिति द्वारा प्रदान की जाने वाली संबद्धता एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृति से संबंधित शिकायतें
- **काउंटर नंबर 5:** समिति से संबंधित अन्य सभी कार्य के संबंध में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई यदि किसी व्यक्ति/विद्यार्थी को उपरोक्त के अलावा समिति से संबंधित किसी पदाधिकारी या किसी अन्य मामले यथा पेंशन आदि के संबंध में शिकायत है तो वे उसे इस काउंटर पर जमा करेंगे .

भाषा समर कैंप में निखर कर सामने आ रही विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा

कैंप में प्रस्तुति देतीं उमावि सुंदरी की बच्चियां

प्रतिनिधि, बड़हरिया

प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप में विद्यार्थी भाषाई और रचनात्मक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं और उनकी अंतर्निहित प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है. इसी कड़ी प्रखंड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरी के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी रचनात्मकता से शिक्षकों को प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों को प्रभावित किया. इस मौके कार्यक्रम का उद्देश्य बताते एचएम उमेश सिंह यादव ने कहा कि भाषाई दक्षता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक समझ को मजबूत करना ही इसका उद्देश्य है.उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक बेहतरीन मंच हैं. इनसे बच्चों की छिपी प्रतिभाएं —जैसे कला, संगीत, नृत्य, और खेल—निखरकर सामने आती है. यह रचनात्मक माहौल उन्हें स्क्रीन टाइम से दूर रखकर आत्मनिर्भर और साहसी बनाता है. मंच पर बोलने, नाटक करने या नई कला सीखने से बच्चों का झिझक दूर होता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है. विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में संवाद प्रस्तुत किया और सांकेतिक भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति सीखी. इस दौरान बच्चे पुस्तकों की दुनिया से दूर होकर एकस्ट्रा स्किल सीख रहे हैं.इस मौके पर शिक्षक विकास पांडेय, मो गुड्डु, पूजा सिंह,प्रियंका कुमारी आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

शिक्षा व शिक्षक के हितों के लिए जारी रहेगा संघर्ष : आनंद पुष्कर

शिक्षकों के साथ भ्रमण के दौरान आनंद पुष्कर .

प्रतिनिधि,सीवान

विधान परिषद की सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी चुनाव को लेकर ई.आनंद पुष्कर ने जिले का भ्रमण कर शिक्षकों से सीधा संवाद किया.

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारिणी सहित शिक्षकों के समर्थन मिलने की बात दोहराते हुए शिक्षक नेता आनंद पुष्कर ने कहा कि आगामी चुनाव में पांचों जिले के मतदाता शिक्षक इस बार किसी प्रत्याशी के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं.जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालय भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक और शिक्षा के लिए मेरा जीवन समर्पित है. विद्यालय परिवार की बेहतरी के लिए सदैव ही संघर्ष किए हैं और आगे भी शिक्षक व शिक्षा के मुद्दों पर संघर्ष करेंगे. विद्यालय भ्रमण में जिला सचिव वीरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष मनन प्रसाद सिंह, परीक्षा अध्यक्ष वीरेन्द्र राम, परीक्षा सचिव मनोरंजन कुमार सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष मनीष मिश्र, श्रीमती उर्मिला सिंह ,श्रीमती पुष्पा कुमारी , मो. निजामुद्दीन, मो. अबरार राजा, मो. ईद मोहम्मद अंसारी, मो. खुर्शीद अंसारी, मो. शमसुद्दीन, सर्वश्री संजय कुमार यादव, संजय यादव, गौतम राय, रामेश्वर राय, सुनील बैठा, मनोज कुमार, प्रभाकर राम, कृष्ण कुमार ठाकुर, विजय शंकर पाण्डेय, लाल बाबू, बाल्मीकि, अरविंद कुमार सिंह (जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष), संजय शर्मा, अमित कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, संतोष सिंह, बसंत कुमार सिंह, विजय शंकर पाण्डेय प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

मारपीट की घटना में तीन लोग हुए घायल

बैकुंठपुर. बनकट्टी गांव में मंगलवार की देर शाम आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई. मारपीट में तीन लोग घायल हो गये. घायल महम्मद हाशिम, जुगनू अली एवं मरियम खातून हैं. घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है.

महम्मदपुर के नये थानाध्यक्ष बने चंदन कुमार चौबे

सिधवलिया. महम्मदपुर थाने में नये थानाध्यक्ष के रूप में चंदन कुमार चौबे ने पदभार ग्रहण कर लिया. पदभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को अपनी प्राथमिकता बताया. थानाध्यक्ष ने कहा कि हाइवे सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके. उन्होंने पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोगों के सहयोग से ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है. इस दौरान थाना परिसर में चौकीदार परेड का आयोजन किया गया. सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का निर्देश दिया गया

स्कूल में अपार आइडी निर्माण की प्रक्रिया धीमी बैठक में नहीं पहुंचे 72 विद्यालय के प्रतिनिधि

प्रतिनिधि, सीवान

गुरूवार से यू-डायस में आच्छादित सभी निजी विद्यालय (सीबीएसइ सहित) की समीक्षा शुरू हो गयी. वीएम उवि सह इंटर कॉलेज में प्रखंडवार निजी विद्यालयों की समीक्षा के पहले दिन आंदर व बड़हरिया प्रखंड में संचालित विद्यालयों की समीक्षा हुई. समीक्षा के दौरान जिले में अपार आइडी निर्माण की प्रक्रिया पर डीपीओ समग्र शिक्षा अभियान जय कुमार ने गहरी चिंता व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि एक से 19 मई तक मात्र 2368 विद्यालयों के अपार आइडी निर्माण के लिए विभिन्न विद्यालयों द्वारा रिक्वेस्ट किया गया है. साथ ही इस अवधि में 3115 विद्यालयों में से मात्र 379 विद्यालयों ने ही अपार आइडी का निर्माण के लिए प्रयास किया है,

बैठक को संबोधित करते डीपीओ जय कुमार .

बैठक में दोनों प्रखंडों के 83 निजी विद्यालयों को शामिल होना था, जिसमें 11 विद्यालय शामिल हुए, इसको लेकर डीपीओ ने गहरी नाराजगी भी व्यक्त किया. बैठक में निर्देश दिया गया कि जिन विद्यालयों द्वारा अभी तक नामांकित बच्चों का डेटा यू-डायस पर अपलोड नहीं किया गया है, वे तत्कालसे अपलोड करना सुनिश्चित करें. नामांकन के दौरान बच्चों के डेटा को इम्पोर्ट करने पर भी चर्चा हुई. शिक्षा के अधिकार के तहत तीसरे राउंड में अभी 244 बच्चों का नामांकन पेंडिंग पड़ा है, उसे भी पूरा करने का निर्देश दिया गया. बताते चलें कि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 5 जून तक प्रखंडवार यू डायय से आच्छादित निजी विद्यालयों की समीक्षा होगी. 21 मई को बसंतपुर, भगवानपुर हाट व गुठनी प्रखंड के निजी विद्यालयों की समीक्षा होगी. डीपीओ एसएसए जय कुमार ने बताया कि सत्र 2026-27 में अपार आईडी निर्माण, यू-डायस में बच्चों का नामांकन, रेंडमाईजेशन के तहत आवंटित छात्रों का विद्यालय में प्रवेश एवं इन्टेक कैपेसिटी आदि से संबंधित समीक्षा की जा रही है. बैठक में एमआइएस प्रभारी मो गुलरेज अंसारी व बालबीर कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे.

वाल्मीकिधाम से सोनपुर तक बनेगा टू लेन रोड

सासामुसा. पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत वाल्मीकि धाम से हरिहरनाथ सोनपुर तक प्रस्तावित टू-लेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गयी है. यह सड़क यूपी के सिसवा से सोनपुर तक सारण तटबंध के किनारे बनायी जायेगी. परियोजना के पहले चरण में सफाई कार्य शुरू किया गया है, जबकि दूसरे चरण में सर्वे का काम जारी है. सर्वेयर इंजीनियर चंदन सिंह की टीम यूपी के सिसवा से सिपाया ढाला तक सर्वे कर रही है. अधिकारियों के अनुसार यह कार्य 31 मई 2026 तक पूरा कर लिया जायेगा. सड़क निर्माण की खबर से दियारा इलाके के लोगों में खुशी का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने के बाद यूपी से दियारा मार्ग होकर सोनपुर, हाजीपुर और पटना तक पहुंचना आसान हो जायेगा.

जेपीयू के शिक्षकेतर कर्मियों ने प्रोन्नति समेत 15 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

प्रतिनिधि, छपरा

बिहार राज्य विश्वविद्यालय व महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय मुख्यालय सहित सभी अंगीभूत एवं अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार प्रातः 10:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रशासनिक भवन तक कर्मचारियों ने हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला. इसके उपरांत प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया. शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किये जाने के कारण विभिन्न कॉलेजों में कार्यालय संबंधित कार्य बाधित रहा. इस समय परीक्षा व नामांकन से जुड़े कार्य संचालित हो रहे हैं. लेकिन कर्मचारियों के धरना में शामिल होने के कारण कॉलेजों में कामकाज ठप रहा. धरना को संबोधित करते हुए प्रक्षेत्रीय सचिव अभिषेक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वरीयता सूची निर्माण, वर्षों से लंबित सामूहिक प्रोन्नति, वर्ष 2009 एवं उससे पूर्व प्रोन्नत कर्मचारियों को प्रोन्नति अनुरूप वेतन भुगतान, दैनिक वेतनभोगी एवं आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण तथा रिक्त पदों पर नियुक्ति जैसे मुद्दों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है. उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन केवल आश्वासन देने का कार्य कर रहा है. यदि कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो महासंघ आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होगा. बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना से आये संयुक्त मंत्री इंद्र कुमार दास ने कहा कि कर्मचारियों के धैर्य की लगातार परीक्षा ली जा रही है. अविनाश सिंह ने कहा कि कर्मचारी वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन सिर्फ आश्वासन देने का कार्य कर रहा है. वहीं विवेक कुमार सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की एकता ही इस आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत है और अब कर्मचारी अपने अधिकार लेकर रहेंगे. डॉ प्रमेन्द्र रंजन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था कर्मचारियों की मेहनत से चलती है, इसलिए कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी उचित नहीं है. प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष हरिहर मोहन ने कहा कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है. वक्ताओं में अविनाश सिंह, उपाध्यक्ष, डॉ मनीषा उपाध्यक्ष प्रक्षेत्रीय संघ, जय प्रकाश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव प्रो अच्युतानंद सिंह, जेपीयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो रविंद्र सिंह, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कर्मचारी विशाल सिंह राठौर ने कर्मचारियों तथा छात्रों की समस्या पर विशेष रूप से प्रकाश डाला.

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

शाखा-छितौली, SAM विभाग, C.O. -चम्पारण,उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई--नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

ई नीलामी की तिथि : 08.06.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 08.06.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)

क्रम सं0	शाखा का नाम / खाता का नाम और खाता संख्या / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]-	ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) / बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को / डी) कब्जा तिथि U/S 13(4) / ई) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	ए)सुरक्षित मूल्य- / बी) ईएमडी / सी) बीड वृद्धि की राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार
1	पीएनबी-छितौली(144100) / मेसर्स मुस्कान ईंट उद्योग (1441008700010680) / मेसर्स मुस्कान ईंट उद्योग प्रो0 मो0 इमतियाज ग्राम+पो0-रूसौरा बुसुनपुरा, थाना-महाराजगंज, सिवान-841439. / मो0 इमतियाज वल्द-मो0 इब्राहिम ग्राम-छितौली कलां, पोस्ट-लक्ष्मीगंज, थाना-गोरेयाकोठी, जिला-सिवान-841439 / मो0 इब्राहिम वल्द-नथुनी मियाँ ग्राम-छितौली कलां, पो0-लक्ष्मीगंज, थाना-गोरेयाकोठी, जिला-सिवान-841439	भूमि एवं भवन जो स्थित है मौजा-छितौली कलां, पो0- लक्ष्मीगंज, थाना- गोरेयाकोठी, जिला-सीवान में स्थित है, 1. डीड सं0- 5167 दिनांक 08.10.1991 थाना नं0- 114, तौजी नं0 1625/6843, खाता नं0- 328, खेसरा नं0- 748, रकबा 3 कट्ठा, चौहद्दी : उत्तर- निज नं0 दीगार, दक्षिण-अब्दुल मियां, पूरब-भुइधर साह बैदार, पश्चिम-मोबारक अंसारी, खाता नं0- 71, खेसरा नं0- 778, रकबा 1 कट्ठा 10 धुर, चौहद्दी : उत्तर-शिवपूजन प्रसाद, बैदार नं. हाजा, दक्षिण-निज नं0 दीगार वो में भाया होता है ता. इमरोजा, पूरब-रामप्रसाद बैदार नं0 हाजा, पश्चिम- निज बकिये मनमोकिरा मी नं0 हाजा. 2. डीड नं0- 5168 दिनांक 08.10.1991 जिसका मौजा छितौली कलां, थाना नं. 114, तौजी नं0- 1625 हाल 6843, खाता नं0- 71, सर्वे नं0- 778, रकबा 2 कट्ठा 10 धुर, चौहद्दी : उत्तर- मी नंबर हाजा जो दीगार वासिका में वाया होता है ब ता उमरोजा, दक्षिण- ब्रह्मदेव महतो बैदार नं0 दीगार, पूरब- रामप्रसाद बैदार नो हाजा, पश्चिम- निज बकिये मनमोकिरा मी नं0 हाजा, बंधककर्ता- मो0 इब्राहिम वल्द नथुनी मियां	ए) 09.01.2024 / बी) रू0 20,54,073.68/- 18.12.2023 को+ ब्याज एवं अन्य शुल्क 19.12.2023 से पूर्ण भुगतान तक / डी) 08.05.2024 / ई) प्रतिकात्मक	ए) रू0 61.16 लाख / बी) रू0 6.12 लाख / सी) रू0 0.20 लाख	08.06.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक	डीआरटी पटना में O A - 66/2025 लंबित है

नियम व शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.

1. संपत्तियां ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **08.06.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर जाएं.

स्थान-मोतिहारी
दिनांक : 15.05.2026

श्री रंजीत कुमार
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 9(1) OF THE SARFAESI ACT, 2002

जेपी विश्वविद्यालय के छात्रों को दो से पांच हजार रुपये में फर्जी अंकपत्र बनाकर दे रहे दलाल

प्रभात किरण, हिमांशु, छपरा

जयप्रकाश विश्वविद्यालय के छात्रों को फर्जी अंक पत्र दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस समय विश्वविद्यालय में विभिन्न परीक्षाओं के अंतर्गत अंक पत्र में हुई गड़बड़ी के सुधार की प्रक्रिया चल रही है. इसी क्रम में जब टेबुलेशन रजिस्टर (टीआर) की जांच की गयी तो पता चला कि कई छात्र-छात्राओं के अंक पत्र विश्वविद्यालय ने निर्गत नहीं किये हैं. बल्कि यह फर्जी है.



जांच में पकड़ा गया फर्जी अंकपत्र .

दो छात्रों ने स्वीकारा, दलालों को दिये थे रुपये: विश्वविद्यालय के किसी कर्मी की दलालों से सांठगांठ का भी पता चला है. हालांकि कौन-कौन से कर्मचारी इसमें संलिप्त हैं. फिलहाल इसकी जानकारी देने से इनकार कर दिया गया है. परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दो छात्रों से कड़ी पूछताछ की गयी है और उन छात्रों ने यह स्पष्ट किया है कि उन्हें अंक पत्र सुधारने के नाम पर किसी दलाल ने रुपये लेकर नया अंक पत्र उपलब्ध कराया है और वेरिफिकेशन में उनके अंक पत्र गलत पाये गये हैं. परीक्षा विभाग इन छात्रों के माध्यम से दलालों तक पहुंचने की कोशिश में जुटा हुआ है और जल्द ही प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया भी अपनायी जायेगी. जानकारी में यह पता चला है कि अंक पत्र में हुई गड़बड़ियों को सुधारने के नाम पर दो से पांच हजार रुपये वसूले गये हैं और गलत अंक पत्र कहीं बाहर से तैयार कर इन छात्रों को दे दिया गया है.

बड़े रैकेट के संलिप्त होने की आशंका विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग का कहना है कि इस पूरे मामले की कड़ाई से जांच की जा रही है. परीक्षा विभाग में किसी भी बाहरी व्यक्ति के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. सभी कर्मचारियों की भी निगरानी हो रही है. परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि इस पूरे मामले में किसी बड़े रैकेट के शामिल होने की आशंका है. जो किसी साइबर कैफे के माध्यम से छात्रों को फर्जी अंक तैयार कर दे रहा है. कुछ अंक पत्र सामने आये हैं. जिनकी जांच में वह गलत पाये गये हैं.

छात्रों को पहले ही दिया गया है गाइडलाइन: परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को पहले ही यह गाइडलाइन दिया गया है कि यदि उनके अंक पत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी है, तो वह महाविद्यालय में अपना आवेदन सबमिट करेंगे. महाविद्यालय के माध्यम से आवेदन विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को मिलेगा और तब जाकर उनके अंक पत्रों में सुधार किया जायेगा. लेकिन कई छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में ना जाकर दलालों के चंगुल में फंस जा रहे हैं और उन्हें बदले में फर्जी अंक पत्र प्राप्त हो रहा है. उन्होंने फिर से सभी छात्रों से अपील की है कि यदि अंक पत्र या अन्य किसी भी डॉक्यूमेंट में सुधार कराना है तो महाविद्यालय में जाकर आवेदन दें. वहां से सत्यापित होने के बाद ही परीक्षा विभाग द्वारा उसमें सुधार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी.

डिग्री व अन्य डॉक्यूमेंट दिलाने में भी हो सकता है फर्जीवाड़ा: इस पूरे मामले के संज्ञान में आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया है. आशंका जतायी जा रही है की डिग्री व अन्य डॉक्यूमेंट दिलाने के नाम पर भी दलालों द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया होगा. ऐसे में अब डिग्री सेल को भी अलर्ट कर दिया गया है. विश्वविद्यालय कैंपस के बाहर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं और स्थानीय काउंटर पर अपना आवेदन भी देते हैं. वहीं महाविद्यालय में भी जाकर अंक पत्र में सुधार व अन्य समस्याओं के लिए आवेदन देते हैं. इसके बावजूद भी जिन छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निबटारा महाविद्यालय के माध्यम से देरी से होता है. वह विश्वविद्यालय पहुंचते हैं और यहीं आकर दलालों के चंगुल में फंस जाते हैं. कई छात्र संगठनों का भी कहा है कि विश्वविद्यालय के बाहर कई दलाल सक्रिय रहते हैं.

क्या कहते हैं परीक्षा नियंत्रक

जांच के दौरान यह बात सामने आयी है कि दलालों द्वारा छात्रों को फर्जी अंक पत्र उपलब्ध कराया गया है . कई अनुत्तीर्ण छात्रों को उत्तीर्ण बनाकर उन्हें फर्जी अंक पत्र दिया गया है . छात्रों से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है . ऐसे दलालों पर विश्वविद्यालय की कड़ी नजर है . पूरे मामले की जांच करायी जा रही है . जल्द ही प्राथमिकी भी होगी . परीक्षा विभाग व अन्य कार्यालय में किसी भी बाहरी व्यक्ति के अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है . **डॉ अशोक कुमार मिश्रा**
परीक्षा नियंत्रक, जेपीयू